Rajasthan Patrika

RPSC Second grade teacher RAS Pre, RAS mains recruitment exam

जोधपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से ली जाने वाली द्वितीय श्रेणी शिक्षक सीधी भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रदेश के लाखों अभ्यर्थियों की नवंबर में परीक्षा होगी।

आयोग सदस्य डॉ. शिवसिंह राठौड़ ने राजस्थान पत्रिका से विशेष बातचीत में इसकी पुष्टि की। डॉ. राठौड़ ने बताया कि द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा के आवेदन की प्रक्रिया चल रही है।

आरपीएससी फिलहाल आरएएस-प्री परीक्षा करवाने में जुटी हुई है। इसके बाद द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा की तैयारी और 18 से 21 नवंबर के बीच परीक्षा होगी।

परीक्षा में प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य ज्ञान का होगा। यह पेपर 200 अंकों का होगा और इसमें 100 सवाल होंगे। वहीं निगेटिव मार्रि्कंग भी रहेगी।

पहले पेपर में इतिहास, भूगोल, कल्चर ऑफ राजस्थान, करंट अफेयर्स ऑफ राजस्थान, जनरल नॉलेज भारत व विश्व, एजुकेशन व मनोविज्ञान के सवाल होंगे। द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम जनवरी में घोषित कर दिया जाएगा।

जल्द देंगे आरएएस-प्री का परिणाम

राठौड़ ने बताया कि 28 अगस्त को आरएएस प्री परीक्षा होगी। आरपीएससी आरएएस-प्री का परिणाम 25 दिन में घोषित कर दिया जाएगा।

वहीं आरएएस-मेन्स की परीक्षा दिसंबर में प्रस्तावित है और 45 दिन में आरएएस-मैन्स का परिणाम 45 दिन में घोषित करने का लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि आरपीएससी अध्यक्ष डॉ. ललित के. पंवार के नेतृत्व में देश की नंबर एक आयोग बनने की राह पर है। आरपीएससी पहला आयोग है जिसने पहली बार आरएएस-2013 में ओएसएम (ऑन स्क्रीनिंग मार्रि्कंग) का प्रयोग किया।

इसका नतीजा यह रहा कि आरएएस-2013 के प्री का परिणाम में 29 दिन में और मैन्स का परिणाम में 63 दिन में घोषित कर दिया। आरएएस-मेन्स की उत्तर पुस्तिकाएं मेनुअली चैक नहीं हुई।

हर उत्तर पुस्तिका पहले ही आरपीएससी में स्कैन कर ली गई और परीक्षकों ने कम्प्यूटर पर कॉपी जांची और अंक दिए।

इसका फायदा यह हुआ कि रिजल्ट में जीरो एरर रही और पारदर्शिता के साथ परिणाम शीघ्र आ गए।

इतना ही नहीं आरपीएससी ने सबसे ज्यादा 160 ऑनलाइन परीक्षाएं भी आयोजित करवाई।